ग्रामीण कृषि मौसम सेवा

भारत मौसम विज्ञान विभाग

आईसीएआर - केंद्रीय शुष्क क्षेत्र अनुसंधान संस्थान

जोधपुर, राजस्थान

मौसम आधारित कृषि परामर्श सेवाएं

दिनांक : 29-10-2020

जोधपुर(राजस्थान) के मौसम का पूर्वानुमान - जारी करनेका दिन :2020-10-29 (अगले 5 दिनों के 8:30 IST तक वैध)

मौसम कारक	2020-10-30	2020-10-31	2020-11-01	2020-11-02	2020-11-03
वर्षा (मिमी)	0.0	0.0	0.0	0.0	0.0
अधिकतम तापमान(से.)	34.0	33.0	32.0	32.0	31.0
न्यूनतम तापमान(से.)	16.0	16.0	15.0	15.0	15.0
अधिकतम सापेक्षिक आर्द्रता (%)	41	39	40	46	45
न्यूनतम सापेक्षिक आर्द्रता (%)	13	16	15	12	11
हवा की गति (किमी प्रति घंटा)	9.0	13.0	9.0	6.0	4.0
पवन दिशा (डिग्री)	50	50	50	90	180
क्लाउड कवर (ओक्टा)	0	0	0	0	0

मौसम सारांश / चेतावनी:

आने वाले पांच दिनों में साफ आसमाने के साथ वर्षा नहीं होने की सम्भावना ।

सामान्य सलाहकार:

ईसबगोल की बुवाई के लिए उन्नत किस्में आर आई-1,जी आई-2 व आर आई 89 है। बुवाई हेतु 4 से 5 किलो प्रति हैक्टेयर बीज की आवश्यकता होती है।

लघु संदेश सलाहकार:

टमाटर की पौध की रोपाई के लिए खेत तैयार करें। पौध रोपाई से पूर्व 60 किलो नत्रजन, 80 किलो फास्फोरस एंव 60 किलो पोटाश प्रति हैक्टेयर के हिसाब से खेत की अन्तिम जुताई के समय दें।

फ़सल विशिष्ट सलाह:

फ़सल	फ़सल विशिष्ट सलाह

फ़सल	फ़सल विशिष्ट सलाह
सरसों	जिन किसानों नें सरसों की बुवाई अभी तक नही की है जल्द से जल्द बुवाई करें। पूसा सरसों-27, एन.आर.सी.एच.बी-101, सी.एच-52, टी-59, आर.एच-30, बायो-902 सरसों की उन्नत किस्मों की बुवाई करें।
जौ	जौ की आर.डी-2794, आर.डी-2052, आर.डी-2035, आर.डी-57, आर.डी-31, आर.डी-103, आर.डी-2552, आर.डी-2715 व बिलाडा-2 उन्नत किस्मों की बुवाई करें। बुवाई हेतु 100 किलो बीज प्रति हैक्टेयर की दर से उपयोग में लें। 2.5 ग्राम मैन्कोजेब से प्रति किलो बीज को उपचारित करें।

बागवानी विशिष्ट सलाह:

बागवानी	बागवानी विशिष्ट सलाह
बेर	बेर को फल मक्खी के प्रकोप से बचाने के लिए इमिडाक्लोप्रिड 1 मिली लीटर प्रति 3 लीटर पानी या डाईमेथोरेट 1 मिली लीटर प्रति 1 लीटर पानी की दर से छिडकाव करें।

पशुपालन विशिष्ट सलाह:

पशुपालन	पशुपालन विशिष्ट सलाह
बकरा	इस समय मौसम परिवर्तनशील रहने के कारण पशुओं को रात के समय छप्पर में बांधे।